डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक मंत्री
भारत सरकार
Minister for Health & Family Welfare
and Chemicals & Fertilizers
Government of India

अ.शा.पत्र सं.एन.13016/01/2022-एमटीजी
दिनांक, 02 अगस्त, 2022

आदरणीय राष्ट्रपति महोदया,

आपको भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर समस्त रेड क्रॉस परिवार की ओर से हार्दिक बधाई। आपकी जीवन यात्रा सभी देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है और आपका कार्यकाल भारत के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। दलित,गरीब, पिछड़े तथा आदिवासी वर्ग आपमें एक नए भारत का प्रतिबिंब देख रहे हैं। आप जिन विषम परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए आज देश के इस सर्वोच्च पद पर पहुँची हैं वो हमारे लोकतंत्र की अपार शक्ति को दर्शाता है। मेरा विश्वास है की १५वें राष्ट्रपति के रूप में आप देश के संविधान की संरक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए भारत के विकास की नयी परिभाषा लिखेंगी।

2. भारत के राष्ट्रपति के रूप में आप अनेकों संस्थानों का नेतृत्व करेंगी और उनमे से एक संस्था भारतीय रेड क्रॉस है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 1920 में हुई थी और आज इसकी देश में 1100 से अधिक शाखायें हैं और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी विश्व रेड क्रॉस आंदोलन का एक अग्रिम सदस्य है।

3. आपको ये बताते हुए मैं गर्वान्वित महसूस कर रहा हूँ, कि विश्व की अग्रणी परोपकारी संस्थाओं में रेड क्रॉस का नाम आता है। सारी दुनिया में जब भी कोई आपदा आती है तो सबसे आगे इस संस्था के सदस्य निस्वार्थ भाव से पीड़ितों की सेवा करते हैं और कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और मूलभूत ज़रुरतों को पूरा करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थिति में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, आरंभ करना और प्रोत्साहित करना है।

4. भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने अपनी स्थापना के बाद हुए सारे युद्ध, जिनमें भारत ने हिस्सा लिया और देश में समय-समय पर आने वाली आपदाओं, जिसमें कोविड-19 महामारी भी शामिल है, के प्रभावी प्रबंधन और पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त रक्त संग्रहण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जारी.../-

कार्यालय: 348, ए-स्कंध, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110011 • **Office:** 348, A-Wing, Nirman Bhawan, New Delhi - 110011
Tele.: (O): +91-11-23061661, 23063513 • **Telefax** : 23062358

सत्यमेव जयते

5. मैं रेड क्रॉस संस्थान का अध्यक्ष होने के कारण संस्थान के सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की ओर से आपको देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर चुने जाने पर हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ और ये उम्मीद करता हूँ की रेड क्रॉस की प्रेसिडेंट के रूप में आप हमारा सदैव मार्गदर्शन करेंगी और यह आश्वासन देना चाहता हूं कि हम आपके किसी भी आह्वान पर अपना सर्वोच्च योगदान करने के लिए सदैव सहर्ष तत्पर रहेंगे।

सादर,

आपका,

(डॉ. मनसुख मांडविया)

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
महामहिम राष्ट्रपति
राष्ट्रपति भवन
नई दिल्ली-110004